मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-133
27/03/2020

# मुख्यमंत्री ने पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के साथ बर्ड फ्लू को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

पटना, 27 मार्च 2020 :– 1, अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बर्ड फ्लू एवं स्वाइन फीवर को लेकर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में सचिव पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग श्री एन सरवन कुमार ने बर्ड फ्लू एवं स्वाइन फीवर के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। सचिव पशु एवं मत्स्य संसाधन ने कहा कि पटना, नालंदा एवं नवादा जिले में कौओं एवं कुछ अन्य पक्षियों के मरने की जानकारी मिली है, जिनमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इन तीन जिलों में पॉल्ट्री फॉर्म पर भी नजर रखी जा रही है और इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। राज्य के विभिन्न जिलों से पक्षियों के अन्य सैंपल कलेक्ट किये गए हैं, जिन्हें जांच के लिए कोलकाता भेजा जा रहा है। बर्ड फ्लू को देखते हुये पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की टीम गठित कर इस पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। भागलपुर एवं रोहतास में स्वाइन फीवर की भी जानकारी मिली है इस संदर्भ में भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी पक्षियों की अननैचुरल डेथ हो रही है उस पर नजर रखें। फ्लू के प्रभाव को रोकने के लिए जरुरी कदम उठाएं। स्वास्थ्य विभाग के साथ भी संपर्क बनाये रखें।

बैठक में विधान सभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, कृषि सह पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री प्रेम कुमार, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, योजना एवं विकास मंत्री श्री महेश्वर हजारी, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडे, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, वित्त विभाग के प्रधान सचिव श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******